देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 167 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...'टाइम' की दुनिया



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 3 अक्टूबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0° | 37244.59

2 ट्रंप और उनकी पत्नी को हुआ कोरोना | 7 अंबाती रायुडू की सीएसके में वापसी

## संक्षिप्त समाचार

**प्रधानमंत्री ने गांधी जयंती पर बापू को किया नमन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर शुक्रवार को गांधी स्मृति पहुंचकर प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इससे पहले वह बापू के समाधि स्थल राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा उन्होंने विजय घाट जाकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि देते हुए अपनी तस्वीरों को शेयर करते हुए ट्वीट किया, गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट जाकर पूज्य बापू को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

**गांधी एवं शास्त्री जी के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक**

**संवाददाता** देहरादून। 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर सचिवालय में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सचिवालय के अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी इस अवसर पर गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गांधी जी को अहिंसा एवं शान्ति का सन्देश देने वाला महापुरूष बताया।

**तेजस्वी-राहुल में बातचीत के बाद सुलझी महागठबंधन की गांठ**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय होता दिख रहा है। इसके पहले कांग्रेस ने अपना रूख भी नरम किया। बिहार कांग्रेस के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल के कड़े बयान से नाराज राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव की राहुल गांधी से सीधी बातचीत हुई। विदित हो कि कांग्रेस के बिहार प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने तेजस्वी यादव के अनुभव व योग्यता पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि अगर सीटों की बात नहीं बनी तो कांग्रेस हर स्थिति के लिए तैयार है।

# हाथरस पर सियासी बवाल

## ...तो डीएम-एसपी ने करवाई फजीहत? योगी सरकार दोनों पर कर सकती है बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हाथरस। हाथरस में दलित लड़की से गैंगरेप और हत्या का मामला अब पूरी तरह सियासी रंग ले चुका है। दूसरी तरफ इस मामले में शुरुआत से लेकर अभी तक प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है। अब इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने सीधा हस्तक्षेप किया है और माना जा रहा है कि हाथरस के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार और एसपी विक्रांत वीर पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, पूरे मामले में डीएम और एसपी की भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद नाराज हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पूरे मामले में दोनों अधिकारियों की भूमिका पर रिपोर्ट मांगी है। कहा जा रहा है कि देर शाम तक दोनों अधिकारी सस्पेंड हो सकते हैं। हाथरस के जिलाधिकारी प्रवीण

■डीएम पर पीड़िता के परिवार ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं

कुमार लक्षकार पर मृत लड़की के परिवार ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

**डीएम पर लगे पीड़िता के पिता को धमकाने के आरोपः** डीएम प्रवीण कुमार पर पीड़िता की भाभी ने आरोप लगाया था कि डीएम ने उनके ससुर (पीड़िता के पिता) से कहा है कि अगर तुम्हारी बेटी अभी कोरोना से मर जाती तो क्या तुमको मुआवजा मिल पाता? इसके अलावा सोशल मीडिया पर जिलाधिकारी और पीड़िता के पिता के बीच हुई बातचीत की एक फुटेज से भी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगने लगे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में डीएम पीड़िता के पिता

### अपराधियों का समूल नाश सुनिश्चितः सीएम

उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित युवती के साथ रेप और क्रूर हत्या के मामले पर हो रही फजीहत के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने चुप्पी तोड़ी है। शुक्रवार को उन्होंने बलात्कारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि माताओं-बहनों के सम्मान-स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने वाले का समूल नाश सुनिश्चित है। उन्होंने प्रदेश के लोगों को आश्वासन दिया है कि उनकी सरकार प्रत्येक माता-बहन को सुरक्षा और विकास देने के लिए संकल्पबद्ध है।

से कह रहे हैं कि आप अपनी विश्वसनीयता खत्म मत करो। ये मीडिया वाले मैं आपको बता दूं, आधे आज चले गए और आधे कल चले जाएंगे। हम आपके साथ खड़े हैं, आपकी इच्छा है कि आपको बार बार बयान बदलना है कि नहीं बदलना है।

**पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल:** इसके अलावा पीड़िता के रात में जल्दबाजी में किए गए अंतिम संस्कार को लेकर भी हाथरस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने जिस तरह जल्दबाजी में रात के ढाई बजे पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार किया, वह उसकी भूमिका पर बड़े सवाल खड़े करता है। हालांकि एडीजी प्रशांत कुमार ने तर्क दिया था कि पीड़िता का शव खराब हो रहा था, इसलिए परिवारवालों की मर्जी से अंतिम संस्कार किया गया था।

**फोन छीनकर सबको कमरे में किया बंद**

पीड़ित परिवार के लड़के ने बताया कि घर में सभी के फोन छुड़ा लिए गए हैं। किसी के पास फोन तक नहीं है। उसने कहा का फोन छीनकर सबको एक कमरे में बंद कर दिया गया है। सब बहुत डरे हुए हैं। परेशान हैं और रो रहे हैं लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। लड़के ने आरोप लगाया, डीएम आए थे। उन्होंने ताऊ की छाती पर लात मारी।

**तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से धक्का-मुक्की**

शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन के साथ गांव में जाने का प्रयास किया। उनको रोकने के दौरान उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। जिसमें वह जमीन पर गिर गए।

# सितंबर 2021 से पहले कोरोना की वैक्सीन आने की संभावना नहीं

## विशेषज्ञों के मुताबिक प्रभावी वैक्सीन आने में 2022 तक का लग सकता है समय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत समेत पूरी दुनिया कोरोना के कहर से जूझ रही है। सबकी निगाहें उसके वैक्सीन यानी टीके पर है। कब तक वैक्सीन बनकर तैयार हो जाएगी? कब तक उपलब्ध होगी? ये सवाल सभी के मन में उठ रहे हैं। हालांकि, वैक्सीन बनाने में जुटे एक्सपर्ट्स के मुताबिक वैक्सीन के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोविड-19 के लिए प्रभावी टीका आम लोगों को 2021 में पतझड़ के मौसम से पहले उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। अमेरिका और कनाडा में पतझड़ का मौसम सितंबर से नवंबर अंत तक होता है।

अमेरिका में मैकगिल यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने वैक्सीन विकसित करने के लिए काम कर रहे 28 विशेषज्ञों को लेकर सर्वेक्षण किया गया। जिन विशेषज्ञों को इस

### भारत में 3 वैक्सीनों के चल रहे ट्रायल

भारत की बात करें तो यहां 3 वैक्सीनों के ट्रायल चल रहे हैं जो अलग-अलग चरणों में हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कुछ दिन पहले बताया था कि भारत में 3 वैक्सीन कंपनियां कोरोना वायरस की वैक्सीन तैयार करने में जुटी हुई हैं और इनके परीक्षण अलग-अलग चरणों में चल रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि 2021 की पहली तिमाही में भारत में कोरोना वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगा।

सर्वेक्षण में शामिल किया गया है, उनमें अधिकतर कनाडाई या अमेरिकी वैज्ञानिक है, जो पिछले औसतन 25 साल से इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। मैकगिल यूनिवर्सिटी के प्रफेसर जोनाथन किम्मेलमैन ने कहा, 'हमारे सर्वेक्षण में विशेषज्ञों ने टीका बनाने को लेकर जो अनुमान जताया है, वह अमेरिकी सरकारी अधिकारियों की तरफ से 2021 की शुरुआत की दी गई समयसीमा के मुकाबले कम आशावादी है।

किम्मेलमैन ने कहा कि वैज्ञानिकों का मानना है कि आम लोगों के लिए अगले साल गर्मियों में वैक्सीन विकसित होना सबसे अच्छी स्थिति होगी, लेकिन इसे आने में 2022 तक का समय लग सकता है। अमेरिका के कर्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी में असोसिएट प्रफेसर स्टीफेन ब्रूमेल ने बताया, हमारी स्टडी से पता चला कि कोविड-19 वैक्सीन कब तक आ पाएगी, इसे लेकर एक्सपर्ट्स की लगभग एक राय थी। ब्रूमेल ने एक बयान में कहा कि सरकारें अतिआशावाद दिखा रही हैं। रिसर्चर पिछली वैक्सीनों के मुकाबले कोविड वैक्सीन को तेजी से बना रहे हैं लेकिन समय लगेगा।

# देश के दो महान विभूतियों की जयंती पर दी श्रद्धांजलि


**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इसके पश्चात गांधी पार्क, देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए अहिंसक आन्दोलन किया। उन्होंने अहिंसा के सिद्धान्त पर जनता को नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने ''जय जवान जय किसान'' का नारा दिया और भारतीय

**श्रद्धासुमन**



■जनता को नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित कियाः सीएम

सेना और किसानों की मजबूती के लिए कार्य किया। देश के स्वतंत्रता संग्राम और नवभारत के निर्माण में शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर भगत, विधायक हरबंस कपूर, खजान दास, मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जयंती पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**संवाददाता**

देहरादून। युग पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों के साथ राष्ट्रपिता गांधी एवं पूर्व पीएम शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा इस दौरान

### डीएम कार्यालय में मनाई महात्मा गांधी एवं पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती

रामधुन का गायन भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ग्रहण की।

राष्ट्रीय पर्व के इस कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन आदर्शों पर चलकर देश को अग्रणी बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन ऐसा आलेख है, जिससे सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।